United Utilities

helping life flow smoothly

वाटर मीटर
एप्लीकेशन मीटर

पानी के मीटर के द्वारा क्या आप आराम से रह सकते हैं?

पानी के मीटर के द्वारा क्या आप आराम से रह सकते हैं?

पानी के मीटर के द्वारा क्या आप आराम से रह सकते हैं?



कोई भी व्यक्ति जीवन की मूलभूत वस्तुओं के लिए आवश्यकता से अधिक पैसे नहीं देना चाहता।

क्या आप पानी की सेवाओं के लिए अधिक धन दे रहे हैं?

पानी के मीटर से स्थिर बिल एक बीती घटना बन जाएगी। आपके चार्ज आपके द्वारा पानी के इस्तेमाल पर आधारित है, इसलिये जितना पानी आप बचाएंगे उतने ही धन का बचत होगी।

अपने मीटर को जानिए।

आपके एक बार मीटर के आवेदन करने का बाद हम इसे तीन महीनों के भीतर लगा देंगे – और भी जल्दी, अगर हम कर सके।

इसे लगाने के लिए सबसे अच्छी जगह का निर्णय हम करेंगे। हमारी प्राथमिकता आजकल मीटर सदैव आपके घर के अंदर फिट करने की रहती है - इन दिनों हम रिमोट तकनीक का प्रयोग करते हैं और इससे हमें रीडिंग लेने के लिए हम आपके घर के अंदर जाकर आपको परेशान नहीं करेंगे। और मीटर के घर के अंदर होने से सबसे बड़ा फायदा है की आप स्वयं अपनी रीडिंग देखकर अपने जल-प्रयोग को नियंत्रित कर सकते हैं।

कभी कभी हमें आपका मीटर फिट करने के लिए थोड़ा बहुत काम भी करना पड़ सकता है। परेशान मत हो, इस तरह का कोई भी काम करने से पहले हम आपको बताएंगे।

अगर किसी कारण से मीटर हम आपके घर के अंदर फिट नहीं कर पाएं तो हम इसे फुटपाथ में फिट करने की कोशिश करेंगे। यहां यह बताना आवश्यक है की यदि मीटर आपके घर के अंदर फिट हो सकता है परन्तु आप मीटर घर के बाहर लगवाना चाहते हैं, तो इस काम के लिए हम आपसे पैसे लेंगे (लगभग 130 पाउंड्स + वैट) बाकी अन्य सभी हालात में हम अपने मीटर मुफ्त में लगाते हैं।

मीटर डीफीटर

कभी कभी मीटर लगाना संभव ही नहीं होता है। उदाहरण के लिए, अगर आपकी पानी की आपूर्ति अन्य प्रॉपर्टी के साथ बंटी हुई है, आपकी प्रॉपर्टी में एक से अधिक जल की आपूर्ति है अथवा आपकी पाइप लाइन उपयुक्त नहीं है तो उस स्थिति में हमारे एक्सपर्ट फिटर क्षमा सहित मना कर देते हैं।

अगर ऐसा होता भी है तो सब कुछ ख़त्म नहीं हो जाएगा। उस स्थिति में आपके पास एक अनुमानित चार्ज (यह एक स्थिर वार्षिक चार्ज होता है जो की आपके प्रॉपर्टी का प्रकार अथवा आपके अकेले एव्हने पर निर्भर करता है) के आधार पर पानी का बिल देने का विकल्प होगा। हम आपको सारी जानकारी देंगे यदि यह आप पर लागू होता है।

हमारा ऑनलाइन 'स्प्लैश दि कैश' चैलेन्ज स्वीकार कीजिए!

हमारी वेब साईट पर जाकर हमारा इंस्टेंट ऑनलाइन केल्कुलेटर प्रयोग करके देखें। इससे आपको पानी मीटर के द्वारा वार्षिक बचत का अनुमान लग जाएगा। इसमें कुछ मिनट ही लगेंगे और आपको जानकर आश्चर्य होगा की आप कितना बचा सकते हैं।

unitedutilities.com/meters

परिवार का भाग्य

यदि आपका परिवार छोटा है, अकेले अथवा दो लोग रहते हैं तो पानी का मीटर बहुत कारगर सिद्ध हो सकता है।

अगर आपका बड़ा परिवार है तो भी आप जांच करके मीटर के लाभ देख सकते हैं – खासतौर पर अगर आपके घर का वर्तमान निश्चित बिल उच्च रेटेबल वेल्यु के कारण ज्यादा है।

इन परिवारों को देखिये। घर से सबसे निकट कौन है?

कैटी

31 वर्षीय कैटी ने हाल ही में अपना पहला मकान खरीदा है। वह अकेली रहती है लेकिन उसकी छत, उसके पार्टी-प्रिय मित्रों के कारण सड़क की सबसे जिंदादिल जगह है। वह शावर लेती है, सनान नहीं कर पाती (समय की कमी!) और बगीचा भी नहीं है - जब तक आप जड़ी बूटियों के साथ एक खिड़की बॉक्स गिनते हैं! उनका इस वर्ष का स्थिर बिल है £420.

पानी के मीटर से बचत के आसार हैं? हां

अनुमानित बचत है लगभग:

£136 प्रति वर्ष

कैथरीन और ब्रायन

सेवा-निवृत दम्पत्ति कैथरीन और ब्रायन अपने पत्तेदार बंगले में पिछले 11 वर्षों से रह रहे हैं। उनके बच्चे बाहर बस गये हैं लेकिन उनके तीन पोते, यात्रा का लगाव और बहुत प्यार से संजोया हुआ बगीचा उन्हें बहुत व्यस्त रखता है। फूल खिलाने के लिइ वे पानी के बट्ट का प्रयोग करते है क्योंकि वे पर्यावरण के प्रति जागरूक हैं। उनका इस वर्ष का स्थिर बिल है £680.

पानी के मीटर से बचत संभव है? हां

संभावित बचत है लगभग:

£282 प्रति वर्ष

वैन्ग्स

स्टीव और ली वैंग अपनी बिटिया को देखकर फूले नहीं समाते हैं। नैपी, नाईट फीड और सी-बेबीज़ का अभी उनके जीवन में अहम स्थान है, इसलिए अभी उनके पास अपने बिलों अथवा पानी की बचत के बारे में सोचने का समय नहीं है। लेकिन यह समय के साथ बदलेगा क्योंकि उनके सेमी पर ओवर हेड अधिक हैं। इस वर्ष का उनका स्थिर पानी का बिल है £575.

पानी के मीटर से बचत हो सकती है: छोटी बचत संभव है

संभावित बचत हो सकती है:

£63 प्रति वर्ष

दि हेंडरसंस

हेंडरसंस का एक चार सदस्यीय गतिशील परिवार है (पांच, यदि आप जोजो के कुत्ते को भी शामिल कर लें)। जब वे साथ साथ लेक डिस्ट्रिक्ट में पहाड़ों पर साइकिल नहीं चला रह होते हैं तब माता पिता अपने बेटे मैक्स और बेटी एलिस को फुटबॉल अभ्यास और स्ट्रीट डांस क्लास में ले जा रहे होते हैं। कहने की आवश्यकता नहीं कि वाशिंग मशीन और डिश-वाशर उनके घर में कभी नही बंद होते। उनका इस वर्ष का स्थिर बिल है £625.

पानी के मीटर से बचत संभव है: मुश्किल है

क्षमा करिये!

आपका बिल

आपका पहला नया बिल मीटर फिट होने के छह महीनों के भीतर डाक द्वारा प्राप्त होगा।

आपके बिल में मीटर रीडिंग दिखाई देगी जो चार्ज की गणना के लिए प्रयुक्त की गयी है। अगर किसी कारण से हम आपकी रीडिंग नहीं पढ़ सके तो हम एक कार्ड छोड़ देंगे जिसमें लिखा होगा कि क्या करना है। आप अपनी रीडिंग के साथ हमें **0800 616 448,** पर फोन कर सकते हैं अथवा आप अपनी रीडिंग हमारी वेब साईट में डाल सकते हैं। हमारे या आपके द्वारा ली गयी वास्तविक मीटर रीडिंग से आपका बिल सही होगा।

अगर हम पर आपकी कोई भी राशि पुराने खाते से बकाया है तो वह हम आपके पहले मीटर बिल से घटा देंगे। और यदि आपका हम पर कुछ बकाया है तो उसके लिए हम आपको बिल भेज देंगे। यह सब अपने आप होता है।

आप किसी भी मनपसंद तरीके द्वारा बिल जमा कर सकते हैं जैसे – डायरेक्ट डेबिट, बैंक को निर्देश अथवा डाक द्वारा। और यदि आप हमारे My Account service का प्रयोग करते हैं तो यह और भी आसान है, (पूरे विवरण के लिए **unitedutilities.com/myaccount** पर जाएं)।

वापिस स्विच करना

हमारे ग्राहकों की बहुत बड़ी संख्या पानी का मीटर लेने के बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखते। हमारे लगभग पांच लाख ग्राहकों ने अप्रैल 2000 से लेकर मुफ्त मीटर लगवाएं हैं।

यदि आपको लगता है कि आप अपेक्षा के अनुसार बचत प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं तो आप पुराने स्थिर बिल वाले तरीके पर वापिस स्विच कर सकते हैं, बशर्ते आप मिटर फिट होने के 13 महीनों के भीतर सूचित करते हैं।

इन स्थितियों में हम मीटर नहीं हटायेंगे। यह वहां पर उपेक्षित सा लटका रहेगा। यदि आप घर बेचकर जाते हैं तो नए मालिक को मिटर वाले बिल के अनुसार चलना होगा और इससे आपके उपेक्षित मीटर को नया जीवन मिल जाएगा।

थोड़ा सा स्मार्ट कार्य

आपका मीटर भले ही चाय नहीं बना सकता और न ही आपके मनपसंद टीवी प्रोग्राम को सिरीज़ में जोड़ सकता है किन्तु यह हमें आपको परेशान करने का मौका दिए बगैर रीडिंग हमारे तक अपने आप पहुंचा देता है (हांलाकि देखभाल या बदलने के लिए हमे भविष्य मे इसके पास आना होगा)।

हमारे द्वारा फिट किये गए मीटर दूर से ही रीडिंग लेने में सुविधा प्रदान करते हैं। और भूलियेगा नहीं, आप अपने जल का उपयोग देखने के लिए मीटर रीडिंग स्वयं ले सकते हैं।

छोड़िये आप पैसे बचा सकते हैं...

एक क्षण प्रतीक्षा कीजिए क्या आपको मालूम है कि?

घरों में प्रयुक्त होने वाला बहुत सारा पानी गैस अथवा बिजली से गर्म किया जाता है (स्नान, शावर और धुलाई के लिए)। किसी भी प्रकार से पानी की बचत द्वारा आप बिजली का बिल भी बचा सकते हैं। कौन कहता है कि बिजली और पानी मिल नहीं सकते?

अपनी दिनचर्या में थोड़े से बदलाव द्वारा आप एक मीटर के सहायता से बिल कम कर सकते हैं। कई टिप्स और जानकारियों के लिए **unitedutilities.com/usewaterwisely** पर जाएं। शुरुआत करने के लिए आप हमारी वेबसाइट पर मुफ्त में आर्डर दे कर सकते हैं!

एक वर्ष के लिए प्रयोग करके देखें... पसंद न आने पर वापिस कर सकते हैं

यदि आप पानी के मीटर से बचत प्राप्त नहीं करते तो 13 महीनों के भीतर आप अपने पुराने स्थिर बिल वाले तरीके पर वापिस लौट सकते हैं।

हम बिना किसी चार्ज के मीटर लगाते हैं और इसके लिए आवेदन करना बहुत आसान है।

आप कर सकते हैं:

क्लिक: ऑनलाइन **unitedutilities.com/watermeteronlineform** पर आवेदन करें

कॉल करें: 0845 746 1100 पर हमें फोन करें और बाकी काम हम करेंगे

पोस्ट कीजिए: इस लीफलैट के साथ दिए गए प्रार्थना पत्र को भरें।

यह लीफलैट हमारे ग्राहकों के लिए उपयोगी सूचना वाले प्रकाशनों की श्रृंखला में से एक है। अन्य सूचनाएं जो आपके लिए हितकारी हो सकती हैं:

- **पाइप, ड्रेन और सीवर के लिए एक सामान्यी गाइड**
- **अपने घरेलू पानी के मीटर की जांच करना**
- **पानी का बिल जमा करने की गाइड**
- **हमारी अतिरिक्त देखभाल सेवा की गाइड**
- **पानी का सावधानी से उपयोग करने हेतु एक गाइड**
- **वाटरश्योसर एप्लीककेशन पैक**
- **शिकायत संबंधी प्रक्रिया**
- **प्रमुख एवं सामान्यं सप्लोई पाइपों को बदलना**
- **हमारे सेवा मानदण्डं**

आप हमारी वेबसाइट से कोई भी लीफलैट डाउनलोड कर सकते हैं: **unitedutilities.com/leaflets**, अथवा लिखें: United Utilities (Dept LR), 1050 Europa Boulevard, Warrington WA55 1LR. वैकल्पिक रूप से, हमारे आम अनुरोधित लीफलैट **0845 303 7711** पर हमारी 24 घण्टे वाली ऑटोमेटिक लीफलैट लाईन पर उपलब्ध हैं

हमारे सभी बुकलेट बडे प्रिंट, ब्रेल और ऑडियो सीडी या कैसेट में उपलब्धह हैं। इनमें से किसी भी फॉर्मेट में लीफलैट का ऑर्डर देने के लिए, कृपया हमें **0845 746 1100** पर कॉल करें।

यदि अंग्रेज़ी आपकी प्राथमिक भाषा नहीं है, तो हमारे प्रमुख बुकलेट हमारी वेबसाइट **unitedutilities.com/translations** पर हिन्दी, उर्दू, गुजराती, चीनी, बंगाली और पंजाबी में भी उपलब्ध हैं।

वैसे, इस लीफलैट में हमारे ग्राहकों के लिए उपलब्ध करवाई गई सूचना, हमारी ऑपरेटिंग लाइसेंस की आवश्यकताओं साथ अनुपालन के लिए है और OFWAT, विनियामक के अनुमोदन के अध्याधीन हैं।

यदि आप हमसे संपर्क करना चाहें:

अपने बिल के बारे में हमसे बात करें:
यदिआपके पास पानी का मीटर नहीं है तो 0845 746 1100 पर संपर्क करें
यदिआपके पास पानी का मीटर है तो 0845 746 2222 पर संपर्क करें
कार्यरत घंटे: सोमवार से शुक्रवार प्रात: 8- रात्रि 8 बजे,
शनिवार प्रात: 8- सायं 5 बजे

अपने जल और अपशिष्ट जल सेवाओं के बारे में हमसे बात करें:
0845 746 2200
कार्यरत घंटे: सोमवार से शुक्रवार प्रात: 8 बजे - रात्रि 8 बजे,
शनिवार प्रात: 8 बजे - सायं 6 बजे, रविवार प्रात: 8 बजे - दोपहर 12 बजे

यदि आपको सुनने या बोलने की कठिनाई है और एक टेक्सोफोन का प्रयोग करते हैं तो 18001 डायल करें, उसके बाद अपनी आवश्यकतानुसर नंबर डायल करें।

आप हमें लिख सकते हैं:
United Utilities, PO Box 459, Warrington WA55 1WB

या ऑनलाइन जाएं:
unitedutilities.com

my account

आप अब अपने वाटर अकाउंट को ऑनलाइन प्रबंधित कर सकते हैं। निम्न पर पंजीकृत करें: **unitedutilities.com/myaccount**

United Utilities
helping life flow smoothly

United Utilities Water PLC,
Haweswater House, Lingley Mere Business Park, Lingley Green Avenue, Warrington WA5 3LP.
इंग्लैण्ड और वेल्स में पंजीकृत। पंजीकरण संख्या 2366678.

01/13/SD/4959a

आपके प्रश्नों का जवाब दिया जा चुका है

United Utilities
helping life flow smoothly

पानी के मीटर को फिट करना

पानी के मीटर को फिट करवाने के लिए मुझे किस तरह आवेदन करना चाहिए?

ऑनलाइन आवेदन करें **unitedutilities.com/meters** पर अथवा संलग्न आवेदन पत्र को पूरा करें। आप हमें **0845 746 1100** पर फोन करके भी आवेदन कर सकते हैं।

पानी का मीटर कहां फिट होगा?

हम आपके घर का अंदर मिटर बिना किसी चार्ज के फिट करते हैं (पानी की आपूर्ति की पाइप के ऊपर, यह वो पाइप है जो पानी को घर के अंदर लाता है)। यदि हम आपके घर के अंदर मीटर फिट नहीं कर सकते, तो इसे बाहर कर देंगे (कुछ मामलों में आपके घर के बाहर एक बाउन्ड्री बॉक्स पहले से ही मौजूद होता है – अगर ऐसा है तो हम मीटर को डिब्बे के अंदर फिट कर देंगे)।

मीटर फिट करने के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थान का चयन करने के लिए हम आपके घर का सर्वेक्षण करेंगे। हम आपका मीटर इसी दौरे में फिट करने का प्रयास करेंगे, किन्तु यदि यह संभव नहीं हुआ तो हमें दोबारा आना पड़ेगा।

मीटर क्योंकि पानी की सप्लाई पाइप से जुड़ा हुआ है (जो की किचन सिंक के भीतर पाया जाता है), इसे करने के लिए हम आपसे कुछ सामान हटाने को कह सकते हैं (जैसे फ्रिज इत्यादि जो पानी की सप्लाई, लकड़ी के पैनल को अवरुद्ध कर सकती हैं)।

मीटर लगाने से पहले हम थोडा जोड़ने का काम कर सकते हैं और काम शुरू करने से पहले हमेशा इस बात का ध्यान रखेंगे कि आप खुश रहें।

क्या मैं मीटर कहीं और लगवाने के लिए पैसे दे सकता हूं?

हां। हमारे लिए पसंद की जगह पर पानी का मीटर लगाना संभव है (आपके घर के अंदर) लेकिन आप पानी का मीटर घर के बाहर लगवाना चाहते हैं, हम चेक करेंगे कि यह संभव हो पाएगा। दुर्भाग्यवश कुछ घरों में मीटर बाहर नहीं लग सकते, पूर्ण जानकारी के लिए अगला खंड देखें। यदि हम आपके लिए फुटपाथ में पानी का मीटर लगा सके तो आपको लागत का अंतर चुकाना पड़ेगा जो है £130 + VAT.

क्या आप हमेशा पानी का मीटर फिट कर सकते हैं?

नहीं, हमेशा नहीं। यहां पर कुछ सामान्य कारण हैं जिनके कारण पानी का मीटर फिट नहीं हो सकता:

- आप फ्लैट में रहते हैं और सामुदायिक सुविधाएं जैसे लांड्री कक्ष अथवा साझा गर्म पानी की आपूर्ति आपके लिए उपलब्ध है।
- आपकी प्रॉपर्टी में एक से अधिक पानी की सप्लाई है।
- आप अपनी पानी की आपूर्ति दूसरी प्रॉपर्टी के साथ साझा करते हैं।
- आपकी प्रॉपर्टी के अंदर पाइप के जाल तक नहीं पहुंचा जा सकता। उसकी स्थिति काफी खराब है और जल आपूर्ति (वाटर फिटिंग) नियामक 1999 के अनुसार नहीं है।
- हमें वाटर मीटर के लिए कोई भी उपयुक्त जगह नहीं मिल पायी है
  - आपकी प्रॉपर्टी के बाहर फुट पाथ अथवा पब्लिक राजमार्ग
  - आपके घर के अंदर।

यदि हम आपके घर पर पानी का मीटर नहीं फिट कर पाए तो आप अपना पानी और अपशिष्ट सेवाओं का बिल रेटेबिल वेल्यू की जगह अनुमानित चार्ज के आधार पर जमा कर सकते हैं। अनुमानित चार्ज प्रत्येक वर्ष के लिए निश्चित राशि होती है। जो राशि आप देंगे वह प्रॉपर्टी के प्रकार पर निर्भर करती है जबतक कि आप अकेले नहीं रहते, जिस स्थिति में आप Single Person Household Tariff के पात्र हैं।

हम इस विकल्प पर आपसे चर्चा करेंगे यदि हम मीटर फिट नहीं कर पाए।

आप मीटर रीडिंग कब पढ़ेंगे?

हम आमतौर पर प्रत्येक छः महीनों में रीडिंग पढ़ेंगे। घरों के भीतर हम जो मीटर लगाते हैं उन्हें स्मार्ट मीटर कहते हैं अर्थात वे माध्यम जो हमें वे रीडिंग ऑटोमेटिक भेजते हैं और जिनके लिए हमें आपके घर में प्रवेश नहीं करना होता है। हांलाकि भविष्य में अवसर आ सकते हैं जब हमें देखभाल अथवा मीटर बदलने के लिए आपके घर में प्रवेश करना पड़ सकता है।

अगर किसी कारण से हम आपकी रीडिंग नहीं पढ़ सके तो हम एक कार्ड छोड़ देंगे जिसमे लिखा होगा कि क्या करना है। अपनी रीडिंग के साथ आप कॉल कर सकते हैं **0800 616 448** पर, अथवा रीडिंग ऑनलाइन **unitedutilities.com/meter-reading** दर्ज कर सकते हैं। सही रीडिंग, आपके द्वारा या हमारे मीटर द्वारा ली गयी हो, सुनिश्चित करेगा की आप सही बिल प्राप्त करें।

पानी का मीटर फिट करने में कितना समय लगेगा?

यदि सर्वेक्षण से पता चलता है कि हम आपके घर में मीटर फिट कर सकते हैं, तो यह काम हम आपका आवेदन प्राप्त होने के **तीन महीनों** के अंदर कर देंगे। आपका फॉर्म प्राप्त होने के दो हफ़्तों के अंदर हम आपको लिखकर सूचित करेंगे कि सर्वेक्षण कब किया जाएगा।

हम तब आपको फोन अथवा पत्र द्वारा संपर्क करके सुविधाजनक मुलाक़ात का समय तय करेंगे।

यदि किसी कारणवश हम मीटर फिट करने में तीन महीनों से अधिक समय लेते हैं तो आमतौर पर हम आपके खाते में प्रत्येक हफ्ते के लिए अपने मानकों को पूरा न कर पाने के कारण **£4** क्रेडिट करेंगे। किन्हीं परिस्थितियों में आपको यह भत्ता नहीं मिलेगा।

इस लीफलैट में दी गयी जानकारी के बारे में आप हमसे किस प्रकार संपर्क कर सकते हैं

unitedutilities.com/meters

0845 746 1100
कार्यरत घंटे:
सोमवार से शुक्रवार प्रात: 8 – रात्रि 8 बजे, शनिवार प्रात: 8 – सायं 5 बजे

United Utilities
PO Box 246,
Warrington
WA55 1EA

इनमें शामिल हैं:

- यदि आपने अपना आवेदन पत्र सही तरह से नहीं भरा है।
- यदि हम पानी का मीटर फिट करने के लिए आपसे समय लें और आप उसे चूक कर दें अथवा रद्द कर दें।
- यदि आप अपनी पाइपलाइन में आवश्यक बदलाव नहीं करवा पाते हैं (सर्वेक्षण के दौरान हम आपको बता देंगे कि बदलाव की आवश्यकता है या नहीं)। यदि आप तीन महीनों में नहीं करवा पाते हैं तो आपकी मूल प्रार्थना को निरस्त कर दिया जाएगा और आपको पानी के मीटर के लिए दोबारा आवेदन करना पड़ेगा।
- यदि आप हमको पानी के मीटर की फिटिंग को तीन महीने से अधिक देर करने को कहेंगे।

मैं एक किरायेदार हूँ, क्या मैं मीटर फिट कराने के लिए आवेदन कर सकता हूं?

हां, बशर्ते आपके किराए करार की नियत अवधि छः महीनों से कम न हो जिस स्थिति में आपको मीटर का आवेदन करने से पहले मकान मालिक की अनुमति लेनी होगी।

मैं मकान मालिक हूँ, क्या मैं अपनी किसी एक प्रॉपर्टी में मीटर फिट कराने के लिए आवेदन कर सकता हूँ?

आप मीटर फिट करवाने के लिए कह सकते हैं अगर पानी का बिल आपके नाम पर हो। कृपया अपने किरायेदारों को बता दें कि आप प्रॉपर्टी में मीटर लगवाना चाहते हैं।

क्या मीटर फिट हो जाने के बाद मैं अपना निर्णय बदल सकता हूँ?

हाँ, बशर्ते आप बहुत अधिक पानी इस्तेमाल नहीं करते हों। उदाहरण के लिए, यदि आप एक तालाब अथवा स्वीमिंग पूल (10,000 लीटर से अधिक की क्षमता) को स्वत: भरें, स्प्रिंकलर का प्रयोग करें अथवा आपकी प्रॉपर्टी घर और बिजनेस दोनों है और पानी का मुख्य प्रयोग बिजनेस कार्यों के लिए है तब आपको मीटर वाला बिल रखना होगा।

बाकी सबको पानी का मीटर लगने के 13 महीनों के अंदर बताना होगा की आप पहले जैसी जल सेवा वाले चार्ज पर वापिस आना चाहते हैं।

हम मीटर नहीं हटायेंगे लेकिन भविष्य में आपके सारे बिल आपकी प्रॉपर्टी के रेटेबल वैल्यू पर पूर्व अनुसार आधारित होंगे। यदि आप हमको इस समय अवधि के अंदर नहीं बताएँगे तो आप मीटर रीडिंग के आधार पर चार्ज देते रहेंगे।

क्या पानी के मीटर की फिटिंग मेरी प्रॉपर्टी की अर्थिंग को प्रभावित करेगी?

आपके घर के अंदर मीटर फिट करने से आपके विद्युत सिस्टम की अर्थिंग अथवा बोन्डिंग पर असर नहीं पड़ेगा। हम मीटर के चारों ओर स्थायी बोन्डिंग केबल फिट कर देंगे और यह अपनी जगह पर ही रहना चाहिए।

यदि हमने मीटर आपके घर के बाहर फिट किया और आपका विद्युत सिस्टम पानी के पाइप को अर्थ के रूप में प्रयोग करता हो तो उस पर कुछ प्रभाव पड़ सकता है। अपनी प्रॉपर्टी की सही विद्युत अर्थिंग आपकी जिम्मेदारी है। यदि आप इस जगह के बारे में चिंतित हैं तो एक कुशल इलेक्ट्रीशियन से संपर्क करें।

मेरे पानी सप्लाई पाइप के लीक होने पर क्या होगा?

घरेलू ग्राहकों के लिए हमारी एक निजी लीक रिपेयर स्कीम है इसका अर्थ है कि हम कुछ मामलों में हम बिना किसी शुल्क के बाहरी पाइपलाइन को बदल सकते हैं। हम प्रॉपर्टी की बाउंड्री और आपके घर की बाहरी दीवार के बीच के पाइप की लीकेज को रिपेयर करेंगे किन्तु बिल्डिंग के नीचे अथवा आंतरिक प्लंबिंग नहीं। पूरा विवरण **unitedutilities.com/bursthome** पर मिल सकता है।

क्या लीक अथवा पाइप फटने से बर्बाद जल की भरपाई मुझे करनी होगी?

जब आपके पास मीटर होगा, हम आपके मीटर से गुजरने वाले जल का चार्ज आपसे लेते हैं। आपको नियमित रूप से मीटर रीडिंग लेने की सलाह दी जाती है जिससे पाइप में किसी भी लीकेज का पता चल सके। बाहरी सप्लाई पाइप पर लीकेज मिलने पर आपको बर्बाद हुए जल का दावा करने का अधिकार है। हम लीक के दौरान बर्बाद पानी की लागत रिफंड कर देंगे बशर्ते, यह पहली बार फटा है और पता लगने के दो हफ़्तों के भीतर रिपेयर हुआ हो।

हम बर्बाद जल के चार्ज के लिए आपको भत्ता भी दे सकते हैं। हमारी लीकेज कोड ऑफ़ प्रेक्टिस के पूरे विवरण और क्लेम फॉर्म डाउनलोड करने के लिए **unitedutilities.com/bursthome** पर जाएं।

मीटर का मालिक कौन होगा?

पानी का मीटर यूनाइटिड यूटिलिटीज का होगा। इसके रखरखाव, रिपेयर और बदलने की जिम्मेदारी हमारी है।

क्या घर बेचने पर नया मालिक प्रॉपर्टी के रेटेबल वैल्यू पर आधारित चार्ज पर वापिस जा सकता है?

सभी नए मालिक मीटर रीडिंग के आधार पर जल सेवाओं के लिए चार्ज किए जाएंगे (भले ही आप रेटेबल वैल्यू आधारित चार्ज सिस्टम पर लौट चुके हों)।

घर बेचते समय नए मालिक को बता दें कि उन्हें मीटर रीडिंग के आधार पर जल सेवाओं के लिए चार्ज देना होगा।

क्या मैं पानी का मीटर हटा सकता हूं?

नहीं, पानी के मीटर से छेड़-छाड़ करना, हटाना अवैधानिक है, इसलिए कृपया यह मत कीजिए।

आपका बिल

कितने समय पर आप बिल भेजेंगे?

आपको प्रत्येक छः महीने पर बिल मिलेगा। यह आपके द्वारा प्रयोग किए गए जल और अपशिष्ट जल सेवाओं के लिए है। आपके बिल प्राप्त करने की तिथि हमारी रीडिंग लेने पर निर्भर करती है।

मीटर लगने के छह महीनों के भीतर आपका पहला मीटर बिल कभी भी आ सकता है। यदि हम स्वयं अथवा आपके द्वारा रीडिंग प्राप्त करने में असफल रहते हैं तो हम आपको अनुमानित बिल भेज देंगे।

मैं अपना बिल कैसे जमा कर सकता हूं?

आपके बिल जमा करने के लिए हमारे पास कई सुविधाजनक तरीके हैं। आप डायरेक्ट डेबिट, नकद अथवा चेक द्वारा बिल जमा कर सकते हैं। कुछ ग्राहक बिल आते ही जमा करना चाहते हैं, लेकिन बहुत से लोग बजट पेमेंट स्कीम द्वारा पूरे वर्ष की लागत को बढ़ा देना चाहते हैं। हम अनुमान लगाते हैं की एक साल में आप कितना पानी इस्तेमाल करेंगे और कुल योग को नियमित मासिक पेमेंट से भाग कर देते हैं। आगामी वर्ष में आपके द्वारा जमा राशि को हम समायोजित कर देते हैं (कम या अधिक) जो आपके जल प्रयोग पर निर्भर करता है।

क्या मैं डायरेक्ट डेबिट द्वारा जमा कर सकता हूं?

हां। डायरेक्ट डेबिट बिल जमा करने की परेशानी को दूर करता है और आप अपना खर्च बांट भी सकते हैं। हम आपको **£5** की बिल में छूट पत्येक वर्ष देंगे। हमें बस **0845 746 2222** पर कॉल करें।

मैं अभी डायरेक्ट डेबिट द्वारा जमा करता हूँ। क्या मुझे दूसरा फॉर्म भरना पड़ेगा?

नहीं, आपको कुछ नहीं करना है। हम इस व्यवस्था पर चलते रहेंगे जबतक कि आप हमें नहीं बताएंगे।

पानी का मीटर फिट होने के बाद मेरे 'पुराने' बिल का क्या होगा?

जब तक हम मीटर फिट न कर दें, अपना बिल जमा करते रहें, आप भले ही किसी प्रकार जमा करें।

पानी का मीटर लगते ही हम आपके 'पुराने' बिल को अंतिम रूप देंगे, अगर हमपर कोई राशि बकाया होगी तो हम आपके पहले मीटर बिल में से इसे घटा देंगे। यह क्रेडिट बेलेंस के रूप में दिखेगा।

एक नजर में भावी बचत

इस तालिका से पता चलता है की मीटर द्वारा आप एक वर्ष में कितना पैसा बचा सकते हैं।

- सबसे पहले अपने पानी के बिल से पता कीजिए की आप प्रति वर्ष कितना पैसा देते हैं।
- तब इसकी तुलना घर के सदस्यों के संख्या से करें।
- भावी बचत गहरे खानों में दिखाई गयी है।
- लाइटर बॉक्स दर्शाते हैं की बचत संभव नहीं है और बहुत से मामलों में आपको पैसों के अनुसार बहुत अच्छी वैल्यू मिल रही है।

आपका चालू वार्षिक बिल:	£300 - £400	£400 - £500	£500 - £600	£600 - £700	
1 घर में एक व्यक्ति	£16-£116	£116-£216	£216-£316	£316-£416	भावी बचत*
2 घर में दो व्यक्ति	छोटी बचत संभव	£2-£102	£102-£202	£202-£302	
3 घर में दो व्यक्ति	बचत मुश्किल है	बचत मुश्किल है	छोटी बचत संभव	£88-£188	
4 घर में दो व्यक्ति	बचत मुश्किल है	बचत मुश्किल है	बचत मुश्किल है	छोटी बचत संभव	
5 घर में पांच या अधिक व्यक्ति	बचत मुश्किल है	बचत मुश्किल है	बचत मुश्किल है	बचत मुश्किल है	

उदाहरण के लिए:
दो सदस्यों वाले घर में जिसका वार्षिक बिल £500 हो, पानी के मीटर लगवाने से अपने वार्षिक बिल पर करीब £102 की बचत कर सकते हैं।

** प्रतिवर्ष बचत औसत खपत और सदस्यों की संख्या पर आधारित है (2013/2014 कीमतें)।*

ये लागत बचत **मात्र एक गाइड है** और आपके पानी के प्रयोग पर निर्भर करेगी। कृपया **unitedutilities.com/meters** पर जाएं और सही गणना के लिए हमारे ऑनलाइन पानी के केलकुलेटर का प्रयोग करें।

आपके अधिकार और कर्तव्य
(यह कानूनी हिस्सा है - क्षमा करिएगा यदि यह औपचारिकतापूर्ण लगता हो!)

यह खंड आपको जल और जल अपशिष्ट सेवा चार्ज सम्बन्धी आपके कानूनी अधिकार और जिम्मेदारियों के बारे में बताता है। यह लीक, स्थान छोड़ने, सप्लाई पाइप, और पानी के मीटर सम्बन्धी मुद्दों के बारे में बताता है।

क्षेत्र का अधिपत्य वाले व्यक्ति पर चार्ज देय होता है, अगर किसी दूसरे व्यक्ति ने हमसे यह जिम्मेदारी वहन करने की बात कही हो जिस स्थिति में देयता उस व्यक्ति की होगी।

मकान मालिक और किरायेदार की स्थितियों में सामान्यतया किरायेदार पर चार्ज लगता है और मकान मालिक पर नहीं। मुख्य अपवादों में हॉलिडे लेट, बेड सिट, छात्रों के निवास और कम अवधि के निवास आते हैं जहां किरायेदारों का निवास समय बहुत कम है। इन मामलों में मकान मालिक को ही निवासी माना जाएगा।

जहां पर भी स्थान लोगों द्वारा घिरे हुए हैं अथवा पूरे बने हुए हैं, वहां चार्ज लगेगा। यदि स्थान आबाद नहीं है अथवा पूरा बना नहीं है। हम कोई भी सेवा प्रदान करने पर जिस व्यक्ति द्वारा सेवा ली गयी है, उसे चार्ज करेंगे।

जब तक कि हम आप के साथ दूसरा करार नहीं कर लेते तब तक बिल प्राप्त करने पर आपको चार्ज देना होगा और हमें आपका पेमेंट 14 दिनों के अंदर मिल जाना चाहिए।

किसी भी नुकसान, बर्बादी, लीक अथवा दुरूपयोग को देखे बिना हम आपको उतने जल के लिए चार्ज करेंगे जो पानी के मीटर से हो कर गुजरा है। हांलाकि पहली बार सप्लाई फटने पर पानी के नुक्सान के लिए आपको भत्ता का दावा करने का अधिकार है।

इससे दोनों जल और जल अपशिष्ट चार्ज कवर हो जाएंगे। आपने हमारे द्वारा सेट की गयी समय सीमा अथवा न्यूनतम दो हफ़्तों के भीतर लीक रिपेयर कर ली होगी। मीटर वाली घरेलू प्रॉपर्टी के लिए हमारी 'लीकेज कॉड ऑफ़ प्रेक्टिस' और अधिक जानकारी देती हैं। इसकी एक प्रति आप **0845 746 2222** पर फोन करके अथवा **unitedutilities.com/bursthome** पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं।

यदि किसी कारणवश हम यह पता नहीं कर सके कि मीटर से हो कर कितना पानी बहा है, तब चार्ज लगाने के लिए हम प्रयोग की गयी जल की मात्रा का अनुमान लगायेंगे। यदि उचित हुआ, तो हम यह चार्ज बाद में समायोजित कर देंगे। किसी भी समय अवधि के लिए जब पानी का मीटर खराब होगा, तो हमारा अनुमान उपलब्ध सर्वाधिक विश्वसनीय सूचना पर आधारित होगा।

यदि आपके पास मापित जल सप्लाई है तो आप पर जल सेवा चार्ज देय होगा जब तक कि:

(i) अब स्थान आपका नहीं है (अथवा पानी की सप्लाई की आवश्यकता नहीं है) और इस बारे में कम से कम दो दिन का नोटिस दिया है; अथवा

(ii) जहां एक मीटर एक से अधिक स्थानों को सेवा देता है, तो जिस व्यक्ति ने चार्ज देने की जिम्मेदारी ली है, वह करार को समाप्त करने के लिए पर्याप्त अवधि का नोटिस देता है।

यदि (i) के मामले में आप नोटिस नहीं देते हैं तो एक्ट के सेक्शन 144 के अनुसार अगली मीटर रीडिंग लेने तक चार्ज देय होगा।

आपकी प्रॉपर्टी में सेवा देने वाली पानी की सप्लाई पाइप के लिए आप जिम्मेदार हैं। यह अधिकतर आपकी प्रॉपर्टी की बाउंड्री (अक्सर बगीचे की दीवार) से लेकर प्रॉपर्टी के अंदर तक के पाइप का सेक्शन होता है। कुछ मामलों में, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक पाइप कार्य के लिए अर्थात सड़क का वह भाग जिसमें हमारा मेन डाला गया और आपकी प्रॉपर्टी अथवा जहां सप्लाई पाइप किसी अन्य की जमीन को क्रॉस करता है, आपकी जिम्मेदारी हो सकती है। यदि आपको अपनी जिम्मेदारियों के विषय में संशय है तो अधिक जानकारी आपकी प्रॉपर्टी की सेल डीड से प्राप्त हो सकती है।

पानी का मीटर हमारी प्रॉपर्टी है। इसका मतलब है की हम इसके रखरखाव और बदलने के लिए जिम्मेदार हैं। यह हम अपने खर्च पर करेंगे यदि पानी के मीटर से छेड़छाड़ नहीं हुई होगी।

पानी के मीटर से छेड़छाड़ एक गंभीर अपराध है। हमारी अनुमति के बिना आपको पानी का मीटर हटाना नहीं चाहिए, इस पर नियंत्रण को अवरूद्ध अथवा इस पर किसी प्रकार का कोई कार्य नही करना चाहिए। हम उत्तरदायी व्यक्ति से खर्च, हानि अथवा क्षति की लागत वसूल करेंगे।

कभी कभी हमें आपका पानी का मीटर टेस्ट करना पड़ सकता है, अथवा यदि आप कहेंगे तो हमें जांच करनी पड़ेगी। यदि आप हमसे मीटर की जांच को कहते है और इसमें खराबी नहीं है, तो जांच के लिए आपको पैसे देने होंगे। अधिक जानकारी के लिए हमारी स्वचालित लीफलैट रिक्वेस्ट लाइन पर कॉल करें और **0845 303 7711** पर हमारी फैक्टशीट 'टेस्टिंग हाउसहोल्ड वाटर मीटर्स' की मांग करें।

आपके पास ट्रेडिंग स्टेंडर्डस ऑफिसर द्वारा पानी के मीटर की जांच करवाने का विकल्प है। यदि आप चाहें तो अपने स्थानीय ट्रेडिंग स्टेंडर्डस डिपार्टमेंट में सीधे संपर्क कर सकते हैं।

United Utilities
helping life flow smoothly

हमारे विषय में

यूनाइटिड यूटीलिटीज़ नार्थ वेस्ट के जल कम्पनी है। हम प्रतिदिन सत्तर लाख लोगों के नलों और टॉयलेट को चलाते हैं। क्रू से लेकर कार्लिसल तक हम आपके जीवन को आसान बनाने के लिए परदे के पीछे काम करते हैं।

United Utilities Water PLC, Haweswater House, Lingley Mere Business Park, Lingley Green Avenue, Warrington WA5 3LP.
इंग्लैण्ड और वेल्स में पंजीकृत। पंजीकरण संख्या 2366678.

01/13/50/4959c

पानी के मीटर केलिए आवेदन पत्र

समय बचाएं - unitedutilities.com/meters पर ऑनलाइन आवेदन करें

वैकल्पिक, आवेदन पत्र को पूरा भरकर भेज दें:
United Utilities, PO Box 246, Warrington, WA55 1EA

United Utilities
helping life flow smoothly

श्री/श्रीमती/मिस/कुमारी	
नाम	
पता	
पोस्ट कोड	
घर का टेलीफोन नंबर	
मोबाइल टेलीफोन नंबर	
पत्र-व्यवहार का पता यदि ऊरपर से भिन्न हो	
पोस्ट कोड	
जन्म तिथि	
ग्राहक खाता संख्या *(बिल में सबसे ऊपर प्रदर्शित)*	
प्रॉपर्टी का प्रकार	☐ अलग ☐ छत के साथ ☐ अर्ध-विलगित ☐ फ्लैट
निवास की स्थिति	☐ मालिक/निवासी ☐ किरायेदार
इस पते पर रहने वाले सदस्यों की संख्या	
अगर आप किरायेदार हैं तो कृपया अपने मकान मालिक का नाम और पता बताएं (यदि आप शैल्टर्ड निवास में रहते हैं तो हाउसिंग एसोसिएशन का विवरण दें):	
नाम	
पता	
टेलीफोन	
क्या आपकी प्रॉपर्टी को सामुदायिक सप्लाई प्राप्त है? (उदाहरण के लिए, साझा लांड्री सुविधाएं अथवा साझा गर्म जल सप्लाई)?	☐ हां ☐ नहीं
क्या आपका स्थायी अवधि किराया करार छः महीने सा कम है?	☐ हां ☐ नहीं
यदि हां, तब आपको आवेदन करने से पहले अपने मकान मालिक से अनुमति लेनी पड़ेगी। इस बॉक्स पर पुष्टि करने के लिए टिक लगाएं कि आपने पानी का मीटर लगवाने के लिए मकान मालिक की अनुमति प्राप्त कर ली है।	☐
मैं आपके द्वारा एक पानी का मीटर फिट करवाना चाहता हूं और पुष्टि करता हूं की फिट हुए पानी के मीटर की शर्तों की मुझे जानकारी है। सर्वेक्षण करवाने के लिए कृपया मुझसे संपर्क करें।	
हस्ताक्षर	
दिनांक	
कृपया इंगित करें कि सर्वेक्षण कराने के लिए आपसे किस प्रकार संपर्क किया जाए।	☐ पत्र ☐ घर का फोन ☐ मोबाइल
यदि आपने टेलीफोन इंगित किया है, तब सर्वेक्षण कराने के लिए हम कितने बजे आपको कॉल करें?	
सर्वेक्षण के लिए आप सुबह अथवा दोपहर का समय पसंद करेंगे?	☐ पूर्वाह्न ☐ अपराह्न

03/12/SD/49596

United Utilities Water PLC, Haweswater House, Lingley Mere Business Park, Lingley Green Avenue, Warrington WA5 3LP.
इंग्लैण्ड और वेल्स में पंजीकृत। पंजीकरण संख्या 2366678.